## भ्रामक विज्ञापन करने पर सलमान खान के खिलाफ जमानती वारंट जारी

**जयपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग क्रम-2 ने राजपान मसाला का भ्रामक प्रचार प्रसार और विज्ञापन करने पर रोक के बावजूद भी इसका विज्ञापन करने पर फिल्म अभिनेता सलमान खान के खिलाफ जमानती वारंट जारी कर 6 फरवरी को तलब किया है। आयोग अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना ने पुलिस कमिश्नर को कहा है कि वह इन दस हजार रुपए के जमानती वारंट की तामील कराए। आयोग ने यह आदेश योगेन्द्र सिंह के अवमानना प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।प्रार्थना पत्र में कहा गया कि आमजन को भ्रमित करने के लिए राजपान मसाला का विज्ञापन किया जा रहा है। जिसमें बताया गया है कि इस उत्पाद को केसरयुक्त बनाया जा रहा है। इस उत्पाद से कंपनी के मालिक और विज्ञापन करने वाले फिल्म अभिनेता सलमान खान ने करोडों रुपए अर्जित किए हैं। इस उत्पाद से का उपयोग करने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी भी हो सकती है। ऐसे में आयोग ने गत 6 जनवरी को सुनवाई करते हुए राजपान मसाला के भ्रामक प्रचार प्रसार और विज्ञापन पर रोक लगा दी थी। अवमानना प्रार्थना पत्र में कहा गया कि इस आदेश की जानकारी होने के बावजूद भी कोटा के नयापुरा स्टेडियम के सामने गत 9 जनवरी को इस विज्ञापन का साइन बोर्ड लगाया गया है।

# केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना दिवस पर शौर्य संध्या कार्यक्रम को संबोधित किया

**जयपुर।** भारतीय सेना ने जयपुर में 78वां सेना दिवस पर दिन के उत्तरार्ध में माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन में सैनिकों से संवाद किया। शाम को आयोजित 'शौर्य संध्या'ने समारोह को और भी

- **रक्षा मंत्री ने 'फर्स्ट डे कवर'का अनावरण किया तथा 'नमन सेंटर्स' का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित कर राष्ट्र की कृतज्ञता व्यक्त की**

गौरवशाली बना दिया। इस कार्यक्रम में माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राजस्थान के माननीय राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े, माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, थल सेनाध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ सैन्य एवं सिविल गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक इस भव्य आयोजन के साक्षी बने। इस



78वां सेना दिवस पर दिन के उत्तरार्ध में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हुए।

अवसर पर रक्षा मंत्री ने 'फर्स्ट डे कवर'का अनावरण किया तथा 'नमन सेंटर्स' का वर्चुअल उद्घाटन किया। उन्होंने वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित कर राष्ट्र की कृतज्ञता व्यक्त की। शौर्य संध्या में ऑपरेशन सिंदूर का जीवंत मंचन, 1,000 ड्रोन का भव्य प्रदर्शन तथा कलारीपयट्टू और मलखंब जैसी पारंपरिक युद्ध कलाओं की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को रोमांच और गर्व से भर दिया।

समूचा आयोजन भारतीय सेना के अदम्य साहस, आधुनिक शक्ति और राष्ट्रभक्ति के अटूट संकल्प का जीवंत प्रमाण बना, जिसने यह संदेश दिया कि भारतीय सेना हरचुनौती के लिए सदैव तैयार है और देश की सुरक्षा में कोई भी कसर नहीं छोड़ेगी।

## पतंग उड़ाते समय छत से गिरे एक युवक की मौत

**जयपुर।** मकर संक्रांति पर पतंगबाजी करते समय घायल युवक ने सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार दौरान दम तोड़ दिया। इस पर परिजनों ने बिना अस्पताल प्रशासन ने जानकारी दिए शव को स्ट्रेचर पर रखकर अस्पताल से बाहर निकाला ओर जबरन घर ले जाने का प्रयास किया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर मौके पर पहुंची एसएमएस पुलिस ने परिजनों को पकड़ लिया और शव को मुर्दाघर में भिजवाया। इस दौरान मृतक के परिजनों ने पुलिस से अभद्रता की। लेकिन पुलिस ने आपसी समझाईश से मामला शांत करवाया।एएसआई राजेंद्र ने बताया की सवाई मानसिंह अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में बुधवार शाम झालाना डूंगरी निवासी बबलू बैरवा (27) पतंग उड़ाते समय छत से नीचे गिर कर घायल हो गया था। हॉस्पिटल की इमरजेंसी में चेकअप के बाद उसे 113 नंबर वार्ड में एडमिट किया गया था। करीब 2 घंटे बाद उपचार दौरान बबलू बैरवा ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद अस्पताल प्रशासन ने मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी ओर शव को पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में भेजने की तैयारी की। रात करीब साढ़े 8 बजे शव को वार्ड में रख दिया। लेकिन मृतक के परिजन अस्पताल प्रशासन को बिना बताए अी शव को स्ट्रेचर पर रखकर अस्पताल परिसर से बाहर ले आए।

## सार-समाचार

### युवोत्सव 2026 में जयपुर की रिषा जैन ने मोनो एक्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया




**जयपुर।** दा इन्स्टीट्ययूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरी ऑफ इण्डिया द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवोत्सव 2026 में जयपर की सी. एस. फायनिलिस्ट रिषा जैन ने मोनो एक्ट में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।रिषा को पुरस्कार आइ. सी. एस. आइ. के चेयरमेन विवेक शर्मा व सेक्रेटरी सी.एस. वरुण शर्मा द्वारा संयुक्त रुप से दिया गया।समारोह में ट्रेजरार सी.एस. राहुल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अभिषेक गोस्वामी मंचासीन थे। समारोह का संचालन आइ.सी.एस. आइ. कार्यालय के एक्जीकेटिव ऑफिसर मक्खनलाल ने किया। उल्लेखनीय है कि राज्य स्तर के युवोत्सव में राजस्थान के सभी शहरों से भारी संख्या में प्रतिभागी व दर्शक मोजूद थे।

### प्रेमचंद सदैव प्रासंगिक हैं : हेमलता महिश्वर




**दिल्ली/जयपुर।** प्रेमचंद के साहित्य में दलित और वंचित जनता का स्वर है जिसे सुना जाना आवश्यक है। उनकी कहानियाँ स्वाधीनता संग्राम के युग का दस्तावेज बन गई हैं। विख्यात लेखिका और जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय में हिंदी की आचार्य डॉ हेमलता महिश्वर ने विश्व पुस्तक मेले में राजपाल एंड सन्ज़ द्वारा पल्लव द्वारा संपादित प्रेमचंद की कहानियों की शृंखला के लोकार्पण पर कहा कि प्रेमचंद अपने साहित्य में भारतीय जनमानस का सटीक और यथार्थ चित्रण करते हैं। उन्होंने पल्लव द्वारा संपादित प्रेमचंद कहानी शृंखला के सुरुचिपूर्ण प्रकाशन पर बधाई दी।सत्र की शुरुआत में अंग्रेजी साहित्य के अध्येता और हिंदू कालेज में आचार्य डॉ सिद्धार्थ कन्नौजिया ने प्रेमचंद की जीवन यात्रा को रेखांकित करते हुए उनके साहित्य और जीवन संघर्ष की साम्यता को दर्शाया। उन्होंने कहा कि कफ़न जैसी कुछ कहानियों से असहमति के बावजूद उनके द्वारा उठाए गए सवालों की अनदेखी नहीं की जा सकती। डॉ कन्नौजिया ने शृंखला को उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे और चयन आएं तो नए पाठकों को लाभ होगा।चर्चा में सुप्रसिद्ध आलोचक प्रो बजरंग बिहारी तिवारी ने कहा कि प्रेमचंद के पाठक भारत के गांव गांव में हैं यही नहीं अन्य भारतीय भाषाओं के पाठक भी प्रेमचंद को अपना लेखक मानते हैं।

### विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ पहाड़िया को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में गुरुवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय जगन्नाथ पहाड़िया को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा ने विधानसभा परिसर के प्रथम तल स्थित पूर्वी लॉबी में स्वर्गीय पहाड़िया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपसचिव श्रीमती इंदिरा शर्मा सहित विधानसभा के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने स्वर्गीय पहाड़िया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुष्पांजलि दी। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय जगन्नाथ पहाड़िया 6 जून 1980 से 13 जुलाई 1981 तक राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे।

### पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट से शिष्टाचार भेंट की



**जयपुर।** जयपुर स्थित सिविल लाइन आवास पर ए आई सी सी महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट साहब से सदस्य ओ बी सी. , एडवाईजरी काउंसिल एवं पूर्व राष्ट्रीय समन्वयक राजेन्द्र सेन , उपाध्यक्ष नरेन्द्र मारवाल, आर एस देव एवं ओ बी सी टीम के साथ शिष्टाचार भेंट कर बताया कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दबाव से एस आई आर के तहत लगभग 57 लाख मतदाताओं के नाम काटे गये है वोटर लिस्ट मे काटे गये नामो मे अधिकतर गरीब दलित पिछड़े लोग है जो रोज मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालते है इनके पास निवास प्रमाण पत्र बनवाने का समय नही है और इनका पूर्व वोटर लिस्ट में नाम है अब यह 2002 से नाम मांग रहे है और ये सभी कांग्रेस के परम्परागत मतदाता है ।

### बीजेपी के किसान मोर्चा अध्यक्ष पर जानलेवा हमला

**जयपुर।** आमेर थाना इलाके में बुधवार देर रात दुकान से घर जा रहे बीजेपी के किसान मोर्चा के अध्यक्ष पर दो दर्जन से अधिक अज्ञात बदमाशों ने मामूली कहासुनी के बाद जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रुप से घायल कर दिया। यहीं नहीं बदमाशों का गुस्सा इतने में भी शांत नहीं हुआ तो उन्होने पीड़ित की कार में भी जमकर तोड़ फोड़ कर डाली। बदमाशों के चगुल से मुक्त होने के बाद पीड़ित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटी फुटेज के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित विश्वास सैनी बीजेपी के किसान मोर्चा का अध्यक्ष और बुधवार देर रात कुंडा मोड़ से अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसकी कुछ लोगों से कहासुनी हो गई और देखते ही देखते करीब 20 से 25 अज्ञात बदमाशों ने एकराय होकर विश्वास सैनी पर लाठी,डंडे,सरिए और पत्थरों से हमला कर दिया और पीड़ित को बुरी तरह से घायल कर दिया। बदमाशों ने इसके बाद पीड़ित के गाड़ी में भी जमकर तोड़ फोड़ की । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में विश्वास सैनी को अस्पताल भिजवाया । प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

### मकर संक्रांति पर आतिशबाजी के दौरान हुई हवाई फायरिंग

**जयपुर।** शास्त्री नगर थाना इलाके में मकर संक्रांति के अवसर पर देर शाम आतिशबाजी के दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने हवाई फायरिंग कर दी । जिसके बाद मकर संक्रांति पर तनाव का माहौल बन गया और अफरा-तफरी मच गई। हवाई फायरिंग की बुलेट एक युवक के हाथ को छूकर छत पर गिर गई। जिससे युवक मामूली रुप से चोटिल हो गया। छत पर बुलेट पड़ी देख पीड़ित मकान मालिक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए और बुलेट जब्त कर छानबीन शुरू की।

## याचिका पर सुनवाई के लिए पांच लाख रुपए की शर्त के खिलाफ अपील

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलगुरु पद पर प्रोफेसर अल्पना कटेजा की नियुक्ति को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के लिए एकलपीठ की ओर से पांच लाख रुपए जमा कराने की शर्त लगाने के खिलाफ दायर अपील पर विवि चांसलर और अल्पना कटेजा से जवाब तलब किया है। एक्टिंग सीजे संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह आदेश प्रोफेसर महिपाल सिहाग की ओर से दायर अपील पर सुनवाई करते हुए दिए।

- **सुनवाई के लिए एकलपीठ की ओर से पांच लाख रुपए जमा कराने की शर्त लगाने के खिलाफ दायर अपील पर विवि चांसलर और अल्पना कटेजा से जवाब तलब किया**

अपील में अधिवक्ता सविता सिहाग ने अदालत को बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर नियुक्ति के लिए 1 अगस्त, 2023 को विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने आवेदन किया था। जिसमें आवेदन करते समय अल्पना कटेजा ने अपने खिलाफ लंबित आपराधिक प्रकरण की जानकारी नहीं दी। जबकि नियमानुसार उन्हें इस संबंध में जानकारी देनी चाहिए थी। ऐसे में उन्होंने तथ्य छिपाकर नियमों की अवहेलना की है। इसलिए कुलपति पद पर उनके चयन को निरस्त किया जाए। वहीं एकलपीठ ने मामले की सुनवाई करने के लिए पांच लाख रुपए जमा कराने की शर्त लगा दी। इसलिए एकलपीठ के आदेश को रद्द किया जाए। इस दौरान विवि की ओर से केवियेटर के तौर पर अधिवक्ता रचित शर्मा पेश हुए।

## वीवीआईपी आगमन के मद्देनजर जयपुर के कई थाना क्षेत्रों में नो-ड्रोन जोन घोषित

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में 16 जनवरी 2026 को वीवीआईपी के प्रस्तावित जयपुर आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस आयुक्तालय ने बड़ा कदम उठाया है। ड्रोन के माध्यम से सुरक्षा में व्यवधान की आशंका को ध्यान में रखते हुए शहर के कई थाना क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाने पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार वीवीआईपी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 16 जनवरी को गीदड़ आवासीय योजना, हरमाड़ा, सीकर रोड सहित आसपास के क्षेत्रों को अस्थायी नो-ड्रोन जोन (रेड ज़ोन) घोषित किया गया है।सांगानेर एयरपोर्ट, जवाहर सर्किल, शिप्रापथ, मुहाना, शास्त्री नगर एवं विद्याधर नगर थाना क्षेत्रों में सभी प्रकार के ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## दो साल से फरार चल रहा सीनियर टीचर चढ़ा एसओजी के हत्थे

### गिरफ्तार आरोपी ने डमी कैंडिडेट के जरिए परीक्षा पास कर सरकारी नौकरी हासिल की थी

**जयपुर।** स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने कार्रवाई करते हुए दो साल से फरार चल रहे टीचर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ने डमी कैंडिडेट के जरिए परीक्षा पास कर सरकारी नौकरी हासिल की थी। जिसके खुलासे के बाद आरोपी फरार हो गया और दो साल तक अपने ठिकाने बदल कर फरारी काटता रहा। जिसके बाद एसओजी ने आरोपी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से फरारी काटने व सहयोग करने वालों के बारे में गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

एडीजी (एसओजी) विशाल बंसल ने बताया की राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर की ओर से सीनियर टीचर सेकंड ग्रेड के कॉम्पिटिशन परीक्षा वर्ष-2022 में आयोजित की गई थी। कई मामले फर्जी सामने आने पर एसओजी की



आरोपी सम्पत लाल माली

ओर से रिपोर्ट दर्ज कर एग्जाम में बैठे कैंडिडेट्स की जांच की जा रही थी। जांच में सामने आया कि आरोपी सम्पत लाल माली (28) निवासी चितलवाना जालोर ने दोनों विषय की परीक्षा खुद नहीं दिए हैं। अपनी जगह डमी कैंडिडेट बैठाकर एग्जाम पास कर गवर्नमेंट जॉब हासिल की है। डमी कैंडिडेट के जरिए धोखाधड़ी कर

- **फर्जी डमी कैंडिडेट बैठाकर हासिल की थी नौकरी**
- **2022 में सीनियर टीचर सेकंड ग्रेड में हुआ था नियुक्त**

सीनियर टीचर (साइंस विषय) के पद पर आरोपी चयनित हो गया था। एसओजी में मामला दर्ज होने का पता चलने पर आरोपी संपत लाल माली फरार हो गया। लंबे समय से फरार चलने पर उसकी गिरफ्तारी को लेकर एसओजी की ओर से पांच हजार रुपए का इनाम रखा गया था। एसओजी टीम ने फरार इनामी बदमाश संपत लाल को बुधवार रात दबिश देकर धर-दबोचा। फर्जीवाड़े में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ आगे की जांच की जा रही है।

## जयपुर लो फ्लोर बस कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन, 21को आंदोलन की चेतावनी

**जयपुर।** जयपुर लो फ्लोर बसों के कर्मचारियों ने बुधवार को बगराना आगार पर जेसीटीएसएल एम्पलाईज यूनियन (एटक) के बैनर तले 19 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने जेसीटीएसएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की।

यूनियन अध्यक्ष बोदूराम वर्मा ने बताया कि जेसीटीएसएल प्रबंधन पिछले लगभग एक वर्ष से कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा है और अब तक कोई ठोस व परिणामात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। इससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आंदोलन की अगली कड़ी में 21 जनवरी 2026 को जेसीटीएसएल मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यदि इसके बाद भी मांगों का




कर्मचारियों ने बगराना आगार पर जेसीटीएसएल एम्पलाईज यूनियन के बैनर तले 19 सूत्रीय मांगों को विरोध प्रदर्शन किया।

समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज करते हुए कार्य बहिष्कार या हड़ताल का रास्ता अपनाया जा सकता है।कर्मचारियों के वेतन से एनपीएस के तहत काटी गई करोड़ों रुपये की राशि को शीघ्र उनके खातों में जमा कराया जाए। ब्रेकडाउन बसों का दबाव बनाकर संचालन करवाना तुरंत बंद किया जाए। चालकों को जिला पूल/मोटर गैराज में मर्ज किया जाए। मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को पेंशन सुविधा प्रदान की जाए।

## भाजपा में आज वीबी-जी रामजी पर कार्यशाला

**जयपुर।** विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) - वीबी-जी रामजी विषय पर शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। वीबी जी रामजी अभियान के प्रदेश संयोजक जसवंत सिंह बिश्नोई ने बताया कि वीबी-जी रामजी की कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

बिश्नोई ने बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुबह 10 बजे से आयोजित कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, सभी विधायक, जिलाध्यक्ष, वीबीजी रामजी से जुड़े जिला संयोजक, प्रवक्ता-पेनेलिस्ट, मोर्चा, आयोग और बोर्ड अध्यक्ष भाग लेंगे।

## मुख्यमंत्री ने बांसवाड़ा जिले के युवाओं से संवाद किया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वागड़ की धरती की असली ताकत हमारे युवा हैं। विकसित राजस्थान बनाने में भी इनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार अपनी नीतियों और निर्णयों से युवाओं के लिए रोजगार के साथ ही स्वरोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने कहा कि बांसवाड़ा के सर्वांगीण विकास के लिए भी राज्य सरकार कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास पर बांसवाड़ा जिले के युवाओं के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पांच साल में 4 लाख सरकारी नौकरी तथा 6 लाख रोजगार निजी क्षेत्र में देने का लक्ष्य रखा है। इस कड़ी में 1 लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियां दे दी गई हैं। उन्होंने कहा कि दो साल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ है। साथ ही, हमारी सरकार हर वर्ष का भर्ती कैलेण्डर जारी कर रही है। इस वर्ष भी 1 लाख सरकारी पदों की भर्ती परीक्षा का कैलेण्डर जारी किया है। उन्होंने कहा कि करीब 2 लाख युवाओं को इंटर्नशिप करवाई है और मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में 4 लाख से ज्यादा युवाओं को 1150 करोड़ रुपये का भत्ता मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया, जिसके तहत हुए कुल एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउण्ड ब्रेकिंग हो चुकी है। इससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए नवीन युवा नीति भी जारी की गई है। जिससे उन्हें उद्यमशीलता, स्टार्टअप्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिल सकेंगे। बांसवाड़ा में औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने 28वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया

**जयपुर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को नई दिल्ली में संसद के ऐतिहासिक संविधान भवन में राष्ट्रमंडल देशों के 28 वें संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया।

इस अवसर पर विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला और केन्द्रीय मन्त्रियों जे पी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, भागीरथ चौधरी के साथ ही प्रदेश के सांसदों ,विभिन्न प्रदेशों के विधानसभाध्यक्षों, संसद सदस्यों और अन्य कई नेताओं से शिष्टाचार भेंट की । 28वें संसदीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में आईपीयू की प्रेसीडेंट, सीपीए के चेयरपर्सन, राष्ट्रमंडल देशों की संसदों के पीठासीन अधिकारीगण, भारत सरकार के मंत्रीगण, राज्य विधान मंडलों के पीठासीन अधिकारियों ने भाग



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को नई दिल्ली में संसदीय सम्मेलन में शामिल हुए।

लिया ।विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों को संबोधित करते हुए दिए गए प्रभावशाली भाषण को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकतंत्र की मजबूती

- **राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकर्स 17 जनवरी को आएंगे जयपुर**
- **देवनानी ने ओम बिरला और केन्द्रीय मन्त्रियों जे पी नड्डा व अन्य कई नेताओं से शिष्टाचार भेंट की**

के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं और जनभागीदारी की मजबूती पर जोर देते हुए राष्ट्रमंडल देशों के बीच सहयोग, श्रेष्ठ संसदीय प्रथाओं के आदान-प्रदान और क्षमता निर्माण के साथ ही साझा चुनौतियों का मिल कर समाधान करने का आ ान किया है। इस संदेश से राष्ट्रमंडलीय देश भी अपने - अपने देशों में लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को अपनाकर भारत की तरह ही विकास के मार्ग पर आगे बढ़ सकते है ।

विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने बताया कि नई दिल्ली में आयोजित कॉमनवेल्थ देशों के सम्मेलन के बाद स्पीकर्स का 17 जनवरी को जयपुर भ्रमण का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों के सम्मान में जयपुर के कांस्टीट्यूशन क्लब में 17 जनवरी को सायं राज्य विधानसभा द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम और रात्रि भोज का आयोजन रखा गया है। सभी स्पीकर्स का गुलाबी नगर जयपुर पहुंचने पर भारतीय परम्परा के अनुसार स्वागत किया जायेगा। इसमें लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला, राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य मंत्री परिषद के सदस्यगण और नेता प्रतिपक्ष भी शामिल होंगे।

## ढाबे के बेसमेंट में लगी आग से एक युवक की मौत

**जयपुर।** मानसरोवर थाना इलाके में बुधवार देर शाम एक ढाबे के बेसमेंट में अचानक से आग लग गई। जिसके बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ढाबे के बेसमेंट से धुआं निकलता देख छत पर मौजूद अन्य कर्मचारी भाग कर नीचे आए और घटना की जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग ने कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। लेकिन इससे पहले एक युवक आग की चपेट में आ गया और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। शव पूरी तरह से जल जाने के कारण मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई। राहुल कुमार सैन का गणेशम् नाम से ढाबा है। बुधवार देर शाम 7 बजे के करीब ढाबे का स्टाफ छत पर पतंगबाजी कर रहा था। इसी दौरान बेसमेंट से धुआं निकलता दिखाई दिया। स्टाफ भाग कर नीचे आया तो बेसमेंट में आग फेल चुकी थी। जिसके बाद स्टाफ ने घटना की जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी।